नवभारत
भोपाल, सोमवार 23 मार्च, 2026

लटेरी में बछड़े के अवशेष मिलने से बवाल

खास बातें

- 8 घंटे तक रहा अफरा-तफरी का माहौल
- ईद के अगले दिन तड़के सिरोंज चौराहे पर मिला अवशेष
- आक्रोशित भीड़ ने हाईवे पर किया चक्काजाम
- पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच तेज की

नवभारत न्यूज

लटेरी 22 मार्च ,ईद के दूसरे दिन रविवार तड़के करीब 4 बजे सिरोंज चौराहे पर गाय के बछड़े के अवशेष मिलने से नगर में तनाव की स्थिति बन गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए.

प्रशासन अलर्ट, कई थानों का पुलिस बल तैनात

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गया. लटेरी, मुरवास, आनंदपुर, शमशाबाद और सिरोंज थाना क्षेत्रों का पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया. प्रशासनिक अधिकारी लगातार मौके पर मौजूद रहकर लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे ताकि स्थिति नियंत्रण में बनी रहे और कोई अप्रिय घटना न हो.

अवशेष देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए. घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जाने लगीं, जिससे माहौल संवेदनशील हो गया.

करीब 7 से 8 घंटे तक संगठन के लोग घटनास्थल पर डटे रहे और निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे. आक्रोशित लोगों ने लटेरी का बाजार बंद करा दिया और सिरोंज चौराहे स्थित नेशनल हाईवे 752क पर चक्का जाम कर दिया. जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

सैंपल जांच के लिए भेजे गए, पुलिस सतर्क

पशु चिकित्सकों द्वारा अवशेषों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं. पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है.

सीसीटीवी खंगाले जा रहे जांच में चुनौतियां

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. हालांकि जिस स्थान पर अवशेष मिले, वहां कैमरों की सीधी निगरानी नहीं होने के कारण जांच में कठिनाई सामने आ रही है. कुछ लोगों द्वारा इसे दुर्घटना की संभावना भी बताया जा रहा है, जबकि संगठनों का कहना है कि यह एक सुनियोजित कृत्य हो सकता है.

प्रशासन की समझाइश के बाद खुला जाम

घटना के दौरान तहसीलदार जगन्नाथ प्रसाद, नायब तहसीलदार हेमंत अग्रवाल, भास्कर रघुवंशी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे. साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की. विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और हाईवे पर लगा जाम खुलवाया गया, जिससे यातायात पुन: सुचारू हो सका.इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है. प्रशासन की कोशिश है कि किसी भी प्रकार की अफवाह न फैले और शांति व्यवस्था बनी रहे. वहीं लोगों से भी अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें.

लव मैरिज के बाद बनी दूरी परिजन पीएम कराने भी नहीं आए

करारिया थाने के पीपलखेड़ा में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

नवभारत न्यूज

विदिशा 22 मार्च, करारिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीपलखेड़ा गांव में रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतका के मायके पक्ष के लोगों के न आने से पोस्टमार्टम की कार्रवाई फिलहाल अटकी हुई है.

जानकारी के अनुसार पीपलखेड़ा निवासी शैतान सिंह अपनी पत्नी पायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि महिला की तबीयत पहले से खराब थी, जिसे विदिशा के एक डॉक्टर को दिखाया गया था. इसके बाद दोबारा तबीयत बिगड़ने पर गांव के ही स्थानीय डॉक्टर से उपचार लिया गया, लेकिन हालत और गंभीर हो गई.मृतका पायल महाराष्ट्र के भंडारा जिले की रहने वाली थी और उसका शैतान सिंह के साथ प्रेम विवाह हुआ था. बताया जा रहा है कि इसी कारण मायके पक्ष के लोग मौके पर आने से इंकार कर रहे हैं.अस्पताल सूत्रों के अनुसार नवविवाहिता होने के चलते पोस्टमार्टम प्रक्रिया में परिजनों की उपस्थिति आवश्यक होती है, लेकिन मायके पक्ष के न पहुंचने के कारण कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है.फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है, ताकि आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जा सके.

भगवान का सुमिरन ही तारनहारी- विशाल कृष्ण महाराज

नवभारत न्यूज

विदिशा. श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पं. विशालकृष्ण बिट्ठू महाराज ने गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का सच्चे मन से किया गया सुमिरन ही जीवन को तारने वाला होता है.कथा में बताया गया कि गजेन्द्र के पास हजारों हाथियों का बल होने के बावजूद अहंकार के कारण संकट के समय कोई साथ नहीं आया. जब वह विपत्ति में फंसा तो सभी सांसारिक सहारे छूट गए. अंत में उसने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति से भगवान विष्णु का स्मरण किया. उसकी सच्ची पुकार सुनकर भगवान गरुड़ पर सवार होकर आए और उसे मगरमच्छ के बंधन से मुक्त कर मोक्ष प्रदान किया.पं. विशालकृष्ण महाराज ने कहा कि यह कथा हमें सिखाती है कि सच्चे मन से की गई भक्ति कभी निष्फल नहीं जाती और भगवान अपने भक्त की रक्षा अवश्य करते हैं.

अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर जल सेवा प्रकल्प का शुभारंभ, यात्रियों को पिलाया शीतल जल

नवभारत न्यूज

विदिशा,अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर सार्वजनिक भोजनालय समिति द्वारा 43वें ग्रीष्मकालीन जल सेवा प्रकल्प का शुभारंभ रेलवे स्टेशन पर किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, समाजसेवी डॉ. मीना अग्रवाल (दिल्ली) एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शाह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ.

अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष अशोक कोठारी एवं अन्य सदस्यों द्वारा किया गया. साथ ही वरिष्ठ जल सेवकों का भी सम्मान किया गया.कार्यक्रम की शुरुआत पूजन के साथ हुई. अतिथियों ने जल सेवा प्रकल्प की सराहना करते हुए जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अतुल शाह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सचिव बलवीर सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया.जल सेवा हेतु सहयोग करने वालों में श्रीमती ज्योति शाह, श्री तेजनारायण श्रीवास्तव, श्री किशोर एवं महेंद्र शाह, डॉ. शांतीलाल पीटलिया, डॉ. दिनेश शाह, श्री मनीष शाह, श्री संतोष माहेश्वरी, श्री मनमोहन शर्मा, श्री पुरुषोत्तम किशोर बैतूल एवं श्री बंटी मालवीय शामिल रहे.

गुलाबगंज में दांगी समाज का भव्य युवा मिलन समारोह सम्पन्न

नवभारत न्यूज

गुलाबगंज, जिले के गुलाबगंज में दांगी क्षत्रिय युवा महासंघ, विदिशा के तत्वावधान एवं जिलाध्यक्ष श्री दीपक दांगी के नेतृत्व में एक भव्य एवं विशाल युवा मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया. इस आयोजन में जिलेभर से सैकड़ों की संख्या में युवा, वरिष्ठजन एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर समाज की एकजुटता और संगठन शक्ति का परिचय दिया.

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए भविष्य की दिशा में सकारात्मक सोच और ठोस कदमों पर विचार-विमर्श किया.कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री रवि दांगी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज से जुड़कर, शिक्षा एवं कौशल का सही उपयोग कर वे अपने उज्जवल भविष्य के साथ-साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. उन्होंने आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताया.प्रदेश अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी ने समाज में एकता, सहयोग एवं आर्थिक सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सहयोग देने की अपील भी की.युवा समाजसेवी श्री अविराज सिंह ने अपने विचार रखते हुए बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को समाज की प्राथमिकता बताया. उन्होंने कहा कि बेटों को भी महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना सिखाना आवश्यक है, तभी एक संस्कारित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है.उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा काल ही अमृत काल है और इस समय किया गया परिश्रम भविष्य की सफलता की मजबूत नींव रखता है.श्रीमती बबीता जगदीश दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज एवं परिवार की उन्नति के लिए संगठन और वरिष्ठों का मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है, जो युवाओं को सही दिशा प्रदान करता है.कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संगठन मंत्री विनीत सिंह दांगी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रदेश सचिव गौरव दांगी ने व्यक्त किया.इस अवसर पर प्रयाग सिंह दांगी, पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह दांगी, वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री शिवराज दांगी, जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह दांगी, जगदीश दांगी, विष्णु प्रताप दांगी, धनराज दांगी, सुनील दांगी, गुलाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष राम दांगी सहित दांगी क्षत्रिय युवा महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष आदि मौजूद रहे.

साकेत एमजीएम विद्यालय में 30 दिवसीय मनोहरम किड्स फेस्ट का भव्य समापन

नवभारत न्यूज

विदिशा, साकेत एमजीएम विद्यालय में आयोजित 30 दिवसीय मनोहरम किड्स फेस्ट का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. एक माह तक चले इस प्रशिक्षण सत्र में लगभग 300 विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया.

इस दौरान विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो, नृत्य, संगीत, नाटक, वादन, इंग्लिश स्पोकन, चित्रकला सहित क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, शतरंज और बैडमिंटन जैसे खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया. नर्सरी से कक्षा 9वीं तक के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता की.समापन समारोह में 25 से अधिक मंचीय प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया. योग प्रदर्शन, आत्मरक्षा, भजन, वादन, दुर्गा स्त्रोत, चार युग नाटक, मूक अभिनय जैसी प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं. इसके साथ ही चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई और विद्यार्थियों ने लाइव पेंटिंग बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्री जाटव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता का विशेष महत्व है, जो योग के नियमित अभ्यास से बढ़ती है. उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया.कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, चेयरमैन अतुल शाह, संस्था संचालक एवं प्राचार्य विभास रंजन पाल तथा बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे.संस्था संचालक ने अपने संबोधन में मोबाइल के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की. पालकों ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए तालियों के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया.

भगवान मीनेष के प्राकट्य उत्सव पर अनेक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

मीणा समाज की भव्य शोभायात्रा, शहर में दिखा उत्साह

नवभारत न्यूज

विदिशा. रविवार को मीणा समाज के इष्टदेव भगवान मीनेष की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. बेतवा नदी स्थित मीणा समाज धर्मशाला में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस दौरान पूरे शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला.

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह भगवान मीनेष की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई. जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई. धर्मशाला परिसर में आयोजित सभा में समाज के वरिष्ठजन एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए. इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश मीणा और जिलाध्यक्ष राजाराम मीणा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे.सभा को संबोधित करते हुए विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए. ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें और समाज का नाम रोशन करें. उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ाने की भी अपील की. साथ ही सभी समाजजनों को मीनेष जयंती की शुभकामनाएं दीं.

इसके पश्चात मीणा समाज द्वारा भगवान मीनेष की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जो बेतवा नदी स्थित मीणा धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी. शोभायात्रा रामलीला चौराहा. लोहा बाजार. बड़ा बाजार. तिलक चौक. कोतवाली. माधवगंज चौराहा. पुरानी अस्पताल रोड और नीमताल होते हुए पुन: धर्मशाला पहुंची. जहां इसका समापन हुआ.शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. यात्रा में शामिल झांकियां और कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं. बाहर से आए कलाकारों ने भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा और लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाते नजर आए.इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन. युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे. जिन्होंने पूरे आयोजन को उत्साह और श्रद्धा के साथ सफल बनाया.

विश्व जल दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया.कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि विश्व जल दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है. इसका मुख्य उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को समझाना, लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए प्रेरित करना है.उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है. जहां पानी होता है, वहीं जीवन संभव है. पूरे ब्रह्मांड में जल केवल पृथ्वी पर ही उपलब्ध है, इसलिए हमें इसका सम्मान करना चाहिए और इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए. जल का उपयोग मनुष्य, पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों और उद्योगों सहित सभी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

नई उपचार पद्धतियों और जीवनशैली सुधार पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

विदिशा,मगधम रिसॉर्ट में मधुमेह विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य मधुमेह के बारे में विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करना तथा आगामी 3-4 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन आरएसएसडीआई एमपीकॉन की रूपरेखा एवं व्यवस्था प्रबंधन की जानकारी साझा करना रहा.संगोष्ठी में इंदौर से आए वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने मोटापा और मधुमेह से जुड़ी जटिलताओं पर विस्तार से जानकारी दी. वहीं भोपाल से आए डॉ. संजीव गुलाटी ने मधुमेह में बीटा कोशिकाओं को संरक्षित करने हेतु नई उपचार पद्धतियों पर प्रकाश डाला.वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. सचिन गुप्ता ने जीवनशैली में सुधार के माध्यम से मधुमेह नियंत्रण के महत्व को बताया, जबकि युवा विशेषज्ञ डॉ. सुयश गुप्ता ने नई दवाओं के उपयोग पर जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नर्मदा पटेल ने किया, जिन्होंने संतुलित आहार और दवाओं की नियमितता पर जोर दिया.संगोष्ठी में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. ऐश्वर्या मोदी, डॉ. विनोद डांगी, डॉ. दिनेश मालवी, डॉ. मनोज तटवारे, डॉ. कुशाग्र दीक्षित, डॉ. प्रदीप गुप्ता सहित लगभग 50 चिकित्सक उपस्थित रहे.कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. संजीव गुलाटी और डॉ. सचिन गुप्ता ने मीडिया से चर्चा कर आगामी सम्मेलन की विस्तृत जानकारी साझा की.

गणगौर चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब, भक्तिमय माहौल

नवभारत न्यूज

विदिशा, मसूदपुर में जागीरदार परिवार द्वारा भगवान गणगौर चल समारोह का पारंपरिक आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद भव्य शोभायात्रा हवेली से गणगौर बाग के लिए निकाली गई.लगभग एक किलोमीटर लंबे इस जुलूस में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीत गाते हुए शामिल रहीं, जबकि पुरुषों की लंबी कतार उनके पीछे चली.रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों, प्रसादी और मिठाइयों से शोभायात्रा का स्वागत किया.पूरे मार्ग में जयकारों से वातावरण गूंजता रहा और भक्ति का रंग देखने को मिला.आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक एकता और परंपराओं को भी जीवंत बनाए रखा.

आयोजन

कथा में बोले महाराज-जब भगवान प्रसन्न होते हैं, तब सत्संग और संतों के चरणों में बैठने का सौभाग्य मिलता है

भक्तमाल कथा केवल कथा नहीं, भगवान से मिलने का मार्ग है : डॉ . अभिषेक कृष्ण शास्त्री

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. भक्तमाल एक दिव्य ग्रंथ है, जो जीव को उसके वास्तविक स्वरूप का बोध कराता है और उसे भगवान के चरणों तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है. यह केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सेतु है. जो व्यक्ति इसे श्रद्धा भाव से सुनता है, उसके जीवन में भक्ति स्वयं जागृत हो जाती है. जब भगवान किसी जीव पर प्रसन्न होते हैं, तभी उसे सत्संग और संतों के चरणों में बैठने का सौभाग्य प्राप्त होता है.

यह विचार वृंदावन से पधारे भागवताचार्य ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए. वे वेत्रवती तट स्थित श्री नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान जगन्नाथ जी एवं प्रभु सीताराम जी के द्वितीय पाटोत्सव के अवसर पर आयोजित श्री भक्तमाल कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने कहा कि जीव अपने बल से भगवान को प्राप्त नहीं कर सकता. यह केवल प्रभु की कृपा और संतों के सानिध्य से ही संभव है. भक्तमाल कथा जीव और भगवान के बीच प्रेम संबंध को प्रगाढ़ करती है और व्यक्ति को भक्ति मार्ग की ओर अग्रसर करती है. कथा के दौरान डॉ. शास्त्री की मधुर वाणी ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया. श्रद्धालु केवल सुन ही नहीं रहे थे, बल्कि हर शब्द को अपने हृदय में उतार रहे थे.कथा के दौरान संत माधव दास जी के जीवन प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया. उन्होंने बताया कि उनका जीवन पूर्ण समर्पण, सेवा और निष्काम भक्ति का उदाहरण रहा है. जब 'मैं' का भाव समाप्त हो जाता है और केवल 'प्रभु' शेष रह जाते हैं, वहीं से सच्ची भक्ति का आरंभ होता है.रविवार को कथा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. मातृशक्ति, संतजन, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों के लोग कथा में शामिल होकर भक्ति रस में सराबोर नजर आए. कई श्रद्धालु ध्यान में लीन दिखे, तो कुछ भजन-कीर्तन में डूबे रहे. वातावरण पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा.कथा के पूर्व सत्र में शिवलिंग निर्माण एवं शिवाभिषेक का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया. पूरे आयोजन ने नगर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया है.

विदिशा बना उर्वरक वितरण का मॉडल

नवभारत न्यूज

विदिशा,विदिशा जिले में लागू ई-उर्वरक टोकन और होम डिलीवरी प्रणाली अब अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन रही है। बिहार और दिल्ली के 15 सदस्यीय कृषि अधिकारियों के दल ने जिले का दौरा कर इस प्रणाली का अध्ययन किया.अधिकारियों को बताया गया कि रबी सीजन में लगभग 90 प्रतिशत किसानों ने ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक प्राप्त किया. इस व्यवस्था से पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हुई है.दल ने रामलीला गोदाम, इमलाई सेवा सहकारी समिति और रमन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण कर पूरी प्रक्रिया को समझा और इस नवाचार की सराहना की.

गंजबासौदा में स्वच्छता की मिसाल, वार्ड 13 के राकेश खंडेलवाल का घर बना नंबर-1

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गंजबासौदा द्वारा आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में वार्ड क्रमांक 13 के निवासी राकेश खंडेलवाल को स्वच्छ घर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह सम्मान उनके निरंतर स्वच्छता प्रयासों और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है.राकेश खंडेलवाल पूर्व में भी स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. उन्होंने शहर में डस्टबिन वितरण कर लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया, साथ ही पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए थैले वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. उनके इन प्रयासों ने नगरवासियों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया है.इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 13 शुभम रघुवंशी, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा, पत्रकार यशपाल यादव, मनोज गुप्ता, रामबाबू श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, मयंक टांक, विमल जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.कार्यक्रम में आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम की भी विशेष सहभागिता रही. उन्होंने नगर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जनसहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए किचन वेस्ट मैनेजमेंट एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों को लगातार चलाने के लिए प्रेरित किया.इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है.